[2025/792]

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास- मृदुला शेखावत, आर.ए.एस.

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थी
पुखराज		सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :- 521/2025

-::आदेश::- दिनांक:-

प्रार्थी **पुखराज** पुत्र श्री **ढगलाराम** जाति **कुम्हार** निवासी **बिलाडा** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरुस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम बिलाडा चक 3 की जमाबंदी संवत् 2076 से 2079 के खाता सं. 401 के खसरा नंबर 427 में दर्ज अशुद्ध नाम **पुखराज** पुत्र **ढगलाराम** जाति **खारडिया** निवासी **बिलाडा** का शुद्ध विवरण **पुखराज** पुत्र **ढगलाराम** जाति **कुम्हार** निवासी **बिलाडा** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। अतः तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाडा

सहायक कलक्टर
उपखण्ड अधिकारी
बिलाडा

o/c दिनेश